श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
(मानित विश्वविद्यालय)
कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110 016

क्र.रा0सं0वि0 / राजभाषा / 2015–16 / 361                    दिनांक 19.05.2016
२७

## कार्यालयीय –आदेश

विषय :–विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की समिति के द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ कटवारिया सराय, नई दिल्ली में किए गए राजभाषा निरीक्षण रिपोर्ट पर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की निरीक्षण समिति द्वारा दिनांक 15.03.2016 को विद्यापीठ में हिन्दी राजभाषा के प्रचार–प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यो का राजभाषायी निरीक्षण किया गया। समिति द्वारा अनुमोदित निरीक्षण रिपोर्ट की छायाप्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है ।

अतः विद्यापीठ के समस्त सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया जाता है कि निरीक्षण समिति द्वारा रिपोर्ट पर दर्शाए गए बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। दर्शाए गए बिन्दुओं पर अनुपालन का दायित्व अनुभाग के समस्त अधिकारियों का होगा।

सहायक कुलसचिव (प्रशा0)

# श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली–निरीक्षण रिपोर्ट

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आई.यू.सी. एवं मानित विश्वविद्यालयों द्वारा हिन्दी में किए जा रहे प्रशासनिक कार्यों के निरीक्षण हेतु गठित समिति द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2016 को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली का निरीक्षण किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष, डॉ. टी.वी. कट्टीमनी, कुलपति, इंदिरागांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी, अमरकंटक, समिति सदस्य डॉ. राम बक्ष, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली समिति सदस्या डॉ. कुमुद शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली के कुलपति महोदय, कुलसचिव, विभागाध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से डॉ0 पंकज मित्तल, अपर सचिव ने भाग लिया।

सर्वप्रथम श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलपति महोदय ने निरीक्षण समिति के सभी सदस्यों का संस्कृत के मन्त्रोच्चारण से विधिवत् स्वागत किया तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ द्वारा प्रशासनिक कामकाज में हिन्दी में किए जा रहे कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ हिन्दी के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत है। तदुपरान्त समिति के अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा निरीक्षण के प्रयोजन एवं महत्व पर श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए मानित विश्वविद्यालय के दैनिक प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी भाषा के प्रयोग में वृद्धि हेतु व्यावहारिक सुझाव दिए तथा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सभी आवश्यक प्रयास करने का अनुरोध किया। प्रत्युत्तर में कुलपति महोदय ने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अनुपालनात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई:-

1. समिति ने सुझाव दिया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में कार्यरत जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है उन्हें हिन्दी का प्रशिक्षण प्रदान करने की समुचित व्यवस्था की जाए।

2. समिति ने निरीक्षण के दौरान पाया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ द्वारा धारा 3(3) के अतंर्गत जारी किए जाने वाले दस्तावेज अंग्रेजी में जारी किए जा रहे हैं यह धारा 3(3) का उल्लंघन है। समिति अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि इसके अंतर्गत जारी किए जाने वाले समस्त दस्तावेज़ द्विभाषी रूप में जारी किए जाएं तथा इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

3. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में उपलब्ध 297 कंप्यूटरों पर हिन्दी फॉन्ट उपलब्ध है। समिति ने सुझाव दिया कि सभी कंप्यूटरों पर यूनीकोड समर्थित सॉफ्टवेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

4. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का नियमित आयोजन नहीं किया जा रहा है। समिति ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नियमित बैठकों का आयोजन किया जाए तथा समिति ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि समिति की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय या कुलसचिव द्वारा की जाए।

5. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ द्वारा प्राप्त 2109 पत्रों में से 1027 पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए हैं। जबकि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ 'क' क्षेत्र में स्थित है। समिति ने सुझाव दिया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम अनुसार 'क' से 'क' क्षेत्र में जारी किए जाने वाले पत्र शतप्रतिशत हिन्दी में जारी किए जाने चाहिए।

6. समिति ने सुझाव दिया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में जो मानक मसौदे द्विभाषी रूप में नहीं है उसे द्विभाषी करवा लिया जाए।

7. कार्यालय में सरकारी प्रयोजनार्थ उपलब्ध रजिस्टरों तथा सेवा पंजिकाओं के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रजिस्टरों एवं सेवा पंजिकाओं में प्रविष्टियाँ ज्यादातर अंग्रेजी में की जा रही हैं। समिति ने सुझाव दिया कि रजिस्टरों एवं सेवा पंजिकाओं में अधिक से अधिक प्रविष्टियाँ हिन्दी में करने के प्रयास किए जाएं।

8. समिति ने मानित विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तकों की खरीद पर किये गये व्यय के संदर्भ में बताया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार हिन्दी की पुस्तकों पर किया गया व्यय कुल व्यय का 50 % होना चाहिए।

9. समिति ने सुझाव दिया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ द्वारा कार्यालय में प्रयोग की जा रहीं कुछ रबड़ की मुहरें द्विभाषी नहीं हैं उन्हें द्विभाषी करवा लिया जाए।

10. समिति ने सुझाव दिया कि सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

11. समिति ने सुझाव दिया कि शोधार्थियों को शोध पत्रों को हिन्दी में प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

12. कुलपति, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ ने समिति को अवगत करवाया कि विद्यापीठ हिन्दी प्रकोष्ठ न होने की वजह से हिन्दी में कार्य करने में कठिनाई हो रही है तथा समिति को अनुरोध कि विद्यापीठ में हिन्दी प्रकोष्ठ की स्थापना हेतु पदों की स्वीकृति प्रदान की जाए।

13. समिति ने सुझाव दिया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुछ नामपट्ट अंग्रेजी में उन्हें द्विभाषी करवा लिया जाए।

14. श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ की वेबसाइट त्रिभाषा में उपलब्ध हैं। सराहनीय है। क्या वेबसाइट पर जो सामग्री उपलब्ध है उसको हिन्दी में भी समय-समय पर अद्यतन किया जाता है।

15. समिति ने सुझाव दिया कि प्रशासनिक कार्यों में क्लिष्ट हिन्दी का प्रयोग न करते हुए व्यवहार में प्रयुक्त किए जा रहे साधारण वाक्यों का प्रयोग किया जाना चाहिए। इससे हिन्दी में कार्य करने की प्रतिशतता में वृद्धि होगी।

16. समिति ने सुझाव दिया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ में संस्कृत में उपलब्ध ग्रन्थों का हिन्दी में अनुवाद किया जाए जिससे जनसाधरण लाभान्वित हो सके।

17. समिति ने सुझाव दिया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ देश का पहला आदर्श विश्वविद्यालय बने जहाँ सारा कार्य हिन्दी में होता है तथा अन्य विश्वविद्यालय उससे प्रेरणा प्राप्त कर सके।

अंत में कुलपति महोदय ने समिति अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (डॉ० टी०वी० कट्टीमनी)<br>अध्यक्ष | (डॉ० राम बक्ष)<br>समिति सदस्य | (डॉ० कुमुद शर्मा)<br>समिति सदस्य | (डॉ० पंकज मित्तल)<br>अपर सचिव, वि०अ०आ० |